उत्तरकाशी स्थित इंजीनियरिंग कालेज बौन • जागरण आर्काइव

उत्तरकाशी में इसी सत्र से शुरू होगी इंजीनियरिंग की पढ़ाई

जागरण संवाददाता, उत्तरकाशी : इंजीनियरिंग कालेज बौन उत्तरकाशी के रूप में उत्तराखंड राज्य को एक और इंजीनियरिंग कालेज मिल गया है। इसी सत्र से इंजीनियरिंग कालेज बौन में बीटेक "कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 120 सीटें और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग में 60 सीटों के साथ कालेज का संचालन होगा। 12 जून से प्रवेश के साथ आनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की ओर से की जा रही हैं। यूटीयू की ओर से निदेशक की तैनाती की गई है जबकि अन्य फैकल्टी जुलाई में तैनात होगी।

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर आदर्श सांसद गांव में वर्ष 2012-13 में इंजीनियरिंग कालेज स्वीकृत हुआ। इसके लिए 100 नाली से अधिक भूमि ग्रामीणों ने दान दी। करीब 22 करोड़ की लागत से भवन के दो ब्लाक वर्ष 2016 में पूरे हो चुके थे। इसी वर्ष कैबिनेट ने इंजीनियरिंग कालेज बौन के संचालन को स्वीकृति दी। यह यूटीयू के कैंपस संस्थान के रूप में संचालित होगा। इंजीनियरिंग कालेज बौन के सुचारू संचालन के लिए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, जीबीपी आईईटी घुड़दौड़ी के प्रो. एचएस भदौरिया को प्रभारी निदेशक के पदीय दायित्वों का प्रभार दिया है। प्रो. एसएस भदौरिया ने 1 जून 2023 को विश्वविद्यालय में उक्त संस्थान के निदेशक का दायित्व संभालने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशन में सोमवार को प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी को भौतिक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि जुलाई से कालेज का संचालन होगा। कुलसचिव डा. सत्येंद्र सिंह ने कार्यदायी संस्था यूपी निर्माण निगम अधूरकार्यों को जल्द पूरे करने के निर्देश दिए।